बुधवार, 3 फरवरी, 2010
Punjab Kesari, *Delhi*,
Regional Supplement
मूल्य : 3.00 रुपए पृष्ठ संख्या 12+4+4+20

पूरे चेहरे में समाया इंडिया : 24वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में एक छात्र ने अपने चेहरे पर भारत का नक्शा बना कर यह दर्शाया कि हम सब एक हैं। (दाएं) मेले में कालसर्प नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।(छाया: न्यूरो)

सूरजकुण्ड मेले की पहली संध्या राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से सराबोर हुई

फरीदाबाद,(न्यूरो): 24 वें सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या इस मेले के थीम स्टेट राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से सराबोर हो गई। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान के पारंपरिक गायक कलाकार अनवर खान, गाजी खान बारना, बनवारी लाल, जानकी लाल तथा श्रीमती दुर्गा देवी ने अपने-अपने सहयोगी साजिन्दों और गायक एवं नृत्य कलाकारों के माध्यम से नाट्यशाला को राजस्थानी संस्कृति के रंग से रंग दिया। हरियाणा के सूचना, जनसम्पर्क एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक एवं मुख्यमंत्री के अतिरिक्त

ने राजस्थानी वेशभूषा से सुसज्जित अपने लगभग दो दर्जन सहयोगी साजिन्दों व गायक कलाकारों के साथ गीत दमा-दम मस्त कलन्दर गा कर की। इस ग्रुप द्वारा निबुड़ा-निबुड़ा, कागा-कागा, छोटा-छोटा निबुड़ा लाई दो, गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया गया। राजस्थानी

■ सूचना, जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया

लिए किये जाने वाले कच्छी घोड़ी नृत्य को खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया। कच्छी घोड़ी के बीच नृत्य करता कलाकार, साथी नर्तकी तथा छतरी तान कर नृत्य करते हुए पुरुष कलाकार की लयबद्ध प्रस्तुती अत्यन्त मनमोहक प्रतीत हुई। एक अन्य प्रस्तुती राजस्थान गायक कलाकार ने पारंपरिक वाद्य यंत्र चडुए की तुन-तुन पर ये दुनिया में देख ले-हो रही टर्र-टर्र जैसा तुकबन्दीयुक्त गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं को हंसा-हंसा कर लोट पोट कर दिया। गीत में मिनिस्टर, डायरेक्टर, कलेक्टर, डाक्टर, मास्टर, सिस्टर, मॉनीटर, दमाद जैसे टर पर समाप्त

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, सोमवार, 5 अक्टूबर, 2009

मेहरानगढ़ में आयोजित जोधपुर अंतरराष्ट्रीय फोक फेस्टीवल में प्रस्तुति देते कलाकार।

मदन वर्मा

सूरजकुंड मेले में कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत करतीं राजस्थानी नृत्यांगनाएं।

जागरण

फरीदाबाद, बुधवार, 3 फरवरी, 2010

फरीदाबाद–आसपास

ब्यूटी सिटी

कलाबेलियां नृत्य ने दर्शकों का मनमोहा

बृजभूषण सैनी

सूरजकुंड, 2 फरवरी। 24 वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में राजस्थान से आए कलाकारों ने कालबेलियां नृत्य पेश कर पर्यटकों को अपनी ओर आकृषित किया। वाद्य यंत्रों की धुन व नृत्य कला से सराबोर इस नृत्य को देख वहां घूमने आई युवतियां भी अपनी पैरों की थिरकन को नहीं रोक सकी। युवतियां भी उन कलाकारों ने साथ खूब झूम कर नाचीं।

राजस्थान की थीम स्टेट पर आयोजित इस 24वें सूरजकुंड हस्त शिल्प मेले के शेखावटी पंडाल में घूमने आए पर्यटक सपेरा की मंडली के कालबेलिया नृत्य की ओर आकृषित हुए बिना न रह सकी। कालबेलिया नृत्य कलाकारों ने काली कूद पड़ी मेला में, साइकिल पंचर कर लायो गीत पर खूब शानदार नृत्य पेश किया। इस लोकगीत की धुन व नृत्य कलाकारों को देख कर वहां घूमने के लिए आई युवतियां भी थिरकने लगी और उनकी शैली के अनरूप ही नाचने लगी। एक के बाद एक युवतियां नाचने के लिए पंडाल में उठने लगी।

करीब आधा दर्जन से अधिक युवतियां पंडाल में आकर झूमने लगी। लोक कलाकार भी अपनी अद्भुत कलाओं को पेश कर नाचती रही। इसके उपरांत राजस्थानी लोकगीत डीगो थारो छोरियों, मोनका सूरत ही अलबेली लोक गीत कलाकारों ने पेश किया। इस गीत पर नृत्य कलाकार ने अपने सिर पर कई मटकियां रख कर नाचीं। इस गीत की धुनों को सुन कर मेला घूमने आई युवतियां फिर नाचने लगी। उनके साथ नृत्य के हर अंदाज पर साथ देने लगी। इसके बाद राजस्थानी कलाकारों ने धोखा मत दियो जात की जोगन कीने लोकगीत पर नृत्य पेश किया। सपेरा की इस पार्टी के साथ छह महिला कलाकार सभी मिलकर नाचने लगी। एक के बाद एक युवतियां उनके साथ नाचने लगी। युवतियों की भी संख्या बढ़ती गई। सभी मिलकर एक साथ राजस्थानी इस लोकनृत्य के साथ सराबोर हो गई। वे विभिन्न मुद्राओं में नाचते रहे। इस नृत्यकला को इस मेला में खंजरी पर पूरन सपेरा, बीन पर हरजीनाथ, डफली पर राजू सपेरा, ढोलक पर रंजीत भाट आदि इन वाद्य यंत्रों पर साथ दे रहे थे। इन वाद्य यंत्रों की धुनों पर युवतियां अपने आप को नहीं रोक सकी। सपेरा की इस टीम का नेतृत्व राजरी सपेरा कर रही थी। उनके साथ उनके ही परिवार की आरती सपेरा, नीरमा सपेरा, शारदा सपेरा, किरण सपेरा व ममता सपेरा सभी नृत्य की इस कला से पूरी तरह से परिपूर्ण हैं। राजरी का कहना है कि यह उनका परंपरागत नृत्य शैली है। जो कई पीढ़ियों से चली आ रही है। राजरी सपेरा का कहना है कि वह अपनी नृत्य कला का कौशल अमेरिका, मास्को, पेरिस, आस्ट्रेलिया, जर्मन, इंग्लैंड आदि देशों दिखा चुकी है। विदेशों में उनके इस कला कौशल की बड़ी मांग रहती है। अपने देश के कई राज्यों में भी अपनी कला कौशल को दिखाती रही हैं। उनके आने वाली पीढ़ी भी इस नृत्य को सिख रही है। मात्र छह वर्ष की उनकी बेटी ममता भी इस नृत्य की कला में पूरी तरह से परंपरागत है। उनके पति पूरन सपेरा भी उनका भरपूर साथ देते हैं। उनके द्वारा वाद्य यंत्रों पर बजाई जाने वाली धुनों पर वे मन थिरकती हैं। वाद्य यंत्रों को बजाने की कला का कौशल देखते ही बनता है। उनकी पूरी टीम जयपुर से भोजपुरा बस्ती से आई हुई है। यहां सूरजकुंड मेले में वह कई सालों से आ रहे हैं। यहां आकर उन्हें बेहद अच्छा महसूस होता है।

सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला शुरु

इस मौके पर उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के साथ थे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार

Surajkund: Tourist spot to realty hub

urajkund was majorly a forest area with rural settlements with the annual Surajkund fair as its major draw for business and other commercial activities. Its development started around 10 years ago, but due to government apathy it was unable to flourish. With Faridabad's real estate booming in last few years, developers realised its immense potential and a number of residential and commercial projects were launched.

Surajkund village is one of the areas where real estate is undergoing an overhaul with a number of residential and commercial projects being developed. Spread over 30 acres, it is most famous for its Surajkund Crafts Mela. Organized with the support of Suraj Kund Mela Authority it is an annual event held during February 1-15. Launched in 1981 by Haryana Tourism, the mela (fair) is a platform for artisans and craftsmen from all over India to showcase their finest wares in a rural setting and is a major tourist attraction in Haryana.

Well-known developers with projects in Surajkund include Omaxe, Eros Group, Parsvnath and Ansals. Charmwood Village by the Eros Group was the first township project on the Surajkund Road. Spread over 65 acres, it consists of a multistorey apartment complex, Brentwood Tower and Charmwood Plaza, an integrated complex of shops, showrooms and office space under one roof. The apartments are valued at Rs 60 lakh to Rs 1.5 crore. Rental values of the apartments are approximately Rs 20,000 for a 2BHK unit. Almost 85% of apartments in Charmwood village are occupied while the rest will be given for possession by 2011.

The Omaxe Group's residential project, The Forest, is located near Suraj Kund Complex and is a mere 3km from Delhi. It is spread over an area of 14.5 acres and consists of 3BHK ultra-luxury apartments. Launched in 2006, the project is likely to be completed by 2011. Surrounded by 5,000 acres of green forest zone and Aravali hills, the complex is equipped with state-of-the art facilities with each flat valued at Rs 1.5 to Rs 3 crore.

Located on the Surajkund Road, Omaxe Hills is another residential project being developed by Omaxe Ltd. It has 2 and 3BHK apartments along with 3BHK luxury apartments with servant quarter. The project was launched in 2007 and is likely to be completed in 2011. The apartments, with an area of 3,000-5,000 sq ft are valued at Rs 45 lakh to Rs 2.5 crore. The project comes with various modern recreational and entertainment facilities, and also houses a local shopping complex with about 40 to 50 units of 400-800 sq ft, at a price tag of Rs 30 to Rs 50 lakh. Other residential projects in Surajkund include the Greenfield colony, an integrated township with multistorey apartments and a local shopping complex. A 2BHK apartment in the Greenfield colony is available for Rs 20 to Rs 25 lakh while a 200 sq ft shop is available on rent at Rs 40,000 to Rs 60,000 per month. Diverse range of property like apartments, bungalows and villas are available in the residential category.

Commercial Projects

A number of commercial projects are also being developed for comprehensive development of

दैनिक भास्कर

भारत का सबसे तेज बढ़ता अखबार

जयपुर, सोमवार 8 जनवरी, 2007 | मूल्य 1.50 रु. | कुल पेज 22

जयपुर, सोमवार | 8 जनवरी 2007 | माघ कृष्ण पक्ष-5, 2063

उस्तादों के संग शागिर्दों में उमंग



■ जेकेके के शिल्प ग्राम में 'इंटरनेशनल आर्टिस्ट कैंप' का कैनवस पर चित्र बनाकर इनॉग्रेशन करते कृपालसिंह शेखावत और पंडित द्वारकाप्रसाद शर्मा।

जवाहर कला केंद्र में देश के दो कला गुरुओं पं. द्वारका प्रसाद शर्मा और कृपालसिंह शेखावत के कैनवास पर तूलिका चलाते ही इंग्लैंड, जर्मनी और भारत के चित्रकार कह उठे... वाह गुरुजी वाह। इसी के साथ यहां शुरू हो गया व्योम आर्ट गैलेरी की ओर इंटरनेशनल आर्टिस्ट कैंप। सात दिनों तक चलने वाले कैंप के जरिए जयपुर के यंग आर्टिस्ट मुखातिब हो सकेंगे यूरोपियन कला और कलाकारों से।

सिटी रिपोर्टर

जवाहर कला केंद्र केंद्र के शिल्प ग्राम में रविवार को शहर के सारे कला मर्मज्ञ एकजुट थे। उन्हें इंतजार था उन विदेशी मेहमानों का जो अपनी कूची से निकलने वाले रंगों से कैनवास को ही नहीं सबके दिलों को रंगने वाले थे।

मेहमानों का स्वागत केसरिया बालम पधारो म्हारे देस...से किया गया। लोक संगीत और ढोलक की थाप के साथ राजस्थानी की सतरंगी संस्कृति परवान पर आ गई। रात घिरने तक चले इस इनोग्रल फंक्शन में विदेशी मेहमान मेहमाननवाजी का लुत्फ उठाते रहे और थिरकते रहे।

कृपाल सिंह ने ठीक करवाई कलाकारों की भाषा

कला गुरु कृपालसिंह केवल कला का ही नहीं भाषा का भी ध्यान रखते हैं। इसका उदाहरण तब मिला जब मंच से लोक कलाकारों ने अपना प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। लोक कलाकारों के दल ने मारवाड़ी में बोलना शुरू किया तो कृपाल सिंह बीच में बोल उठे अरे...मेहमान नहीं पावणा कहते हैं।

गुरुजी शॉल जोरदार है:

इंटरनेशनल आर्टिस्ट कैंप में सबसे पहले पहुंचने वाले में से थे कृपालसिंह, उनके आते ही सारे आर्टिस्ट पैर छूने लगे। सभी को आशीर्वाद देने के साथ ही वरिष्ठ चित्रकार विद्यासागर उपाध्याय ने कहा कि अरे गुरुजी शॉल जोरदार है, इस पर ठहाका लगाते हुए उन्होंने कहा, अरे विनय ने जोर देकर यही शॉल ओढ़ने के लिए कहा था।

■ कैंप में कल्चरल प्रोग्राम की प्रस्तुति भी दी गई। दर्शकों में नजर आ रहे हैं देश-विदेश के आर्टिस्ट।

यूं हुआ विनम्रता और शक्ति का मेल

वरिष्ठ कला गुरु क्या बनाते हैं यह जानने की उत्कंठा सभी के मन में थी। जैसे ही तूलिका चलनी शुरू हुई सभी को स्पष्ट हो गया कि क्या बन रहा है। भारतीय जनमानस की अगाध श्रद्धा की प्रतीक गाय को कैनवास पर उकेरा कृपाल सिंह ने। दूसरी ओर पं.द्वारका प्रसाद शर्मा व्यस्त थे, कलाकारों की कल्पना शक्ति को उकेरने में उन्होंने घोड़ा बनाया, इसी के साथ हो गया विनम्रता और शक्ति का मेल।

क्या है इंटरनेशनल आर्टिस्ट कैंप

व्योम आर्ट गैलेरी, जेकेके व ललित कला अकादमी के सहयोग से इंटरनेशनल आर्टिस्ट कैंप में सात दिनों तक भारतीय और विदेशी चित्रकार कैनवास पर कल्पना के रंग बिखेरेंगे। व्योम आर्ट गैलेरी के संस्थापक विनय शर्मा के अनुसार इस आर्टिस्ट कैंप के साथ ही व्योम आर्ट गैलेरी आने वाले दिनों मैनिफेस्ट स्तर पर कलाकारों के प्लेटफार्म उपलब्ध करवाएगी।

नेशनल दुनिया
गुरुवार • 31 जुलाई 2014
02
www.nationalduniya.com

शाही लवाजमे के साथ धूमधाम से निकली तीज माता की सवारी

पर्यटकों और शहरवासियों ने देखी तीज की सवारी

घरों, बरामदों और सड़कों पर उमड़ा आमजन का हुजूम

आज निकलेगी बूढ़ी तीज की सवारी

अरेरेरे...

सेल्फी का चार्म

नृत्य की उमंग

नेशनल दुनिया

जयपुर। पारम्परिक तीज की शाही सवारी बुधवार शाम को सिटी पैलेस के जनानी ड्योढ़ी से पूजा-अर्चना के उपरांत शुरू हुई। सवारी में सबसे आगे हाथी निशान लेकर चल रहा था, इसके पीछे हाथी-घोड़े और फिर कलाकार संस्कृति की छटा बिखेरते नजर आए। बैंड वालों की मधुर स्वर लहरियों पर पर्यटक और आमजन झूमने लगे। जिधर नजर उठाकर देखो उधर आमजन और तीज की शोभायात्रा देखने वालों का हुजूम दिखाई पड़ रहा था। लोग घरों, परकोटे और सड़क पर कई घंटों से खड़े थे। जैसे ही तीज माता की सवारी निकली सभी दर्शनों के लिए आतुर हो उठे।

बहुरूपियों ने धरे शंकर-पार्वती के रूप

बहुरूपिए अपने चिर-परिचित अंदाज में भगवान शंकर, पार्वती सहित कई अन्य रूप धर सबका मनोरंजन कर रहे थे। करतब दिखाने वाले आग के गुबार सहित अन्य करतब दिखा रहे थे। तीज माता की सवारी आखिर में चौबदारों के साथ चल रही थी, जिसमें दो चौबेदार पर्दे झलका रहे थे। पर्यटकों और शहरवासियों ने तीज की मनोहारी शोभायात्रा का लुत्फ उठाने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। पर्यटकों के लिए फोटोग्राफी की विशेष व्यवस्था की गई थी। तीज की सवारी त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़ और गणगौरी बाजार से होते हुए चौगान स्टेडियम में पहुंचकर समाप्त हुई। तीज का जुलूस राज्य के पर्यटन विभाग, सिटी पैलेस, जिला प्रशासन जयपुर और जयपुर नगर निगम की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

कच्छी घोड़ी, सजे-धजे ऊंट-घोड़ों का आकर्षण

पारंपरिक तीज महोत्सव के जुलूस में विशेष रूप से सजाए गए ऊंट, घोड़े व हाथी शामिल हुए। ऊंटों पर बंदूक व छोटी तोपें रखी हुई थी। कच्छी घोड़ी नृत्य, गैर, कालबेलिया और चकरी नृत्य का आकर्षण देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में तोप गाड़ी, बैलगाड़ी, घोड़ा बग्घी, सुसज्जित रथ भी चल रहे थे, जो राजस्थान के इतिहास को बयां कर रहे थे। शहर के कई नामचीन बैंड ग्रुप एक सुर में कदम से कदम मिलाते हुए मधुर स्वर लहरियां बिखेर रहे थे।

जयपुर > शुक्रवार > 11 अगस्त 2006

राजस्थान पत्रिका

खड़ताल और नगाड़े की ताल

141 रिपोर्टर

चार्म ऑफ चरी- जेकेके में चरी नृत्य करती कलाकार। राकेश शर्मा 'राजदीप'

जयपुर, 10 अगस्त। ढोलक, खड़ताल और नगाड़े की ताल पर लयबद्ध भाव-भंगिमा और बिजली सी रफ्तार लिए नृत्यांगना की थिरकन से जवाहर कला केन्द्र का रंगायन सभागार गुरुवार को स्पंदित हो उठा।

इंडियन काउंसिल फोर कल्चरल रिलेशन्स की ओर से आयोजित लोक संगीत और डांस कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में राजकी-पुन नाथ सपेरा एंड पार्टी ने चरी नृत्य, कच्छी घोड़ी, घूमर, भवई, कालबेलिया व बिणजारा नृत्य में प्रांजलता और कमाल फन के तिलिस्म से दर्शकों को बांधे रखा।

म्हं...चमके चूदड़ी बिणजारा रे...गीत पर पदमा सपेरा व अन्य सहयोगी लोक कलाकारों ने खूब तालियां बटोरीं। राजकी सपेरा ने भी भवई नृत्य प्रस्तुति से सभागार में दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मीरा, रत्ना, शीला, चंदालाल व रामस्वरूप ने चरी नृत्य में असर छोड़ा।

कल्चर को बढ़ाने और नए कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इंडियन होराइजन के पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम कामयाब रहा। संचालन संदीप मदान ने किया।

अमर उजाला नई दिल्ली, बुधवार, 3 फरवरी, 2010

फरीदाबाद

उत्साह : सूरजकुंड मेला परिसर में राजस्थानी कलाकारों के साथ नृत्य करते पर्यटक।

जी हां, बहनों भाइयों मैं हूं जैनेंद्र...

सूरजकुंड (फरीदाबाद)। मेले में एक ऐसी आवाज है जो हर आम और खास को चौपाल की ओर खींच रही है। यह वही आवाज है जिसे आपने गणतंत्र दिवस पर

राजपथ से हो रही कमेंट्री में कई बार सुना होगा। लखनऊ के लोग तो उन्हें सप्ताह में दो बार एफएम रेनबो के एक प्रोग्राम के होस्ट के रूप में सुनते हैं। हम बात कर रहे हैं जैनेंद्र सिंह की। जो मेले के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल 'चौपाल' पर एंकरिंग कर रहे हैं। जब वे चौपाल पर आकर अमीन सायानी के अंदाज में जी हां बहनों, भाइयों मैं हूं जैनेंद्र सिंह...से एंकरिंग की शुरुआत करते हैं तो लोग चौपाल की ओर बरबस ही खिंचे चले आते हैं।

कई बार लोग इस आवाज में दूरदर्शन के शम्मी नारंग को पाते हैं तो कुछ उसमें अमीन सयानी को खोजते हैं। आकाशवाणी के राष्ट्रीय पैनल पर हिंदी कमेंटेटर सिंह अब तक एक हजार से अधिक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का संचालन कर चुके हैं। लखनऊ में एफएम रेनबो के गुड मार्निंग लखनऊ नामक प्रोग्राम के वह हर सप्ताह दो दिन

गाजी और अनवर खान ने 'डेजर्ट सिंफनी' से समां बांधा

फरीदाबाद (सूरजकुंड)। सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या इस मेले के थीम स्टेट राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से सराबोर हो गई। कार्यक्रम में राजस्थान के पारंपरिक गायक कलाकार गाजी खान और अनवर खान ने अपने साथियों के साथ डेजर्ट सिंफनी पेश करके समां बांध दिया। उनके 25 सहयोगियों ने कमाइचा, मोरचंग, ढोल, सारंगी, मुरली और हारमोनियम आदि वाद्य यंत्रों के माध्यम से नाट्यशाला को राजस्थानी संस्कृति के रंग से रंग दिया। गाजी खान बारना ने राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित अपने लगभग दो दर्जन सहयोगी साजिंदों व गायक कलाकारों के साथ धमाकेदार गीत दमा-दम मस्त कलंदर पेश किया। फिर इस ग्रुप द्वारा 'निबुड़ा-निबुड़ा...गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया गया।

पेशकश

तुकबंदीयुक्त गीत टर्र-टर्र की प्रस्तुति भी रही सराहनीय

जयपुर से आए कलाकार बनवारी लाल व साथियों ने राजस्थान में भादों के महीने में तेजा जी महाराज को खुश करने के लिए किए जाने वाले कच्छी घोड़ी नृत्य को खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया। एक अन्य राजस्थान गायक कलाकार ने पारंपरिक वाद्य यंत्र चंदुरा की तुन-तुन पर 'दुनिया में देख ले-हो रही टर्र-टर्र' जैसा तुकबंदीयुक्त गीत से खूब हंसाया।

मेले में नहीं बुलाई गई शहर की प्रथम नागरिक

फरीदाबाद। शहर की प्रथम नागरिक यानी कि नगर निगम की मेयर को सूरजकुंड मेले में आमंत्रित नहीं किया गया। मेयर ही नहीं बल्कि डिप्टी मेयर व निगम के पार्षद भी इस बार मेले में आमंत्रित नहीं किए गए। मेले का शुभारंभ देश के उपराष्ट्रपति द्वारा कराया गया है, और प्रोटोकॉल के अनुसार मेले

रोष

मेयर को स्वयं मंगवाना पड़ा आमंत्रण पत्र : सिरमानी

उन्होंने मेयर जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, जिसकी वह प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेंगी।

सिरमानी ने बताया कि इस मामले में वह अपनी शिकायत मेला देख रहे हुडा प्रशासक अभय सिंह यादव से मंगलवार को की है। यादव ने जांच का

सिटी activit

फेस्टिवल के दौरान सैलानियों ने पतंगबाजी के साथ लोक कलाकारों की धुन पर डांस भी किया।

जलमहल पर पतंग की हिलोरें

जलमहल में पहली बार हुआ पतंग उत्सव, पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस उत्सव में इस बार विदेशी सैलानियों की संख्या पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा रही।

सिटी रिपोर्टर

शहर और सैलानी दोनों के लिए पहला अवसर था जब जयपुर का सबसे बड़ा और लोकप्रिय पतंग उत्सव जलमहल की पाल पर मनाया गया। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस फेस्टिवल में जब पतंगबाजों ने हुनर दिखाना शुरू किया तो एक साथ दो जगह पतंगें हिलोरें लेने लगीं। एक खुला आसमां, दूसरा जलमहल का पानी। इस बीच लोक कलाकारों के स्वर और ताल ने इस खूबसूरत समां में चार चांद लगा दिए। कहीं कच्छी घोड़ी, कालबेलिया डांस तो कहीं स्वागत के लिए खड़े दो सजी-धजी ऊंटनी। वैसे तो चौगान स्टेडियम में कैमल कार्ट राइडिंग बेहतर ढंग से हो सकती थी, लेकिन इस बार वैन्यू बदलने के बाद भी आयोजकों ने जलमहल की पाल के आसपास सैलानियों को यह सवारी करवाई। इस फेस्टिवल में विभिन्न तरह की पतंगों की प्रदर्शनी के साथ-साथ 6 फीट लंबी चरखी भी अलग ही थी। दोपहर 12 से 3 बजे तक चले इवेंट में 'काइट फ्लाइंग कॉम्पिटीशन' आयोजित किया गया इसमें आमेर क्लब ने जयपुर क्लब को दो-तीन से हराया। वहीं बाबू खान ने एक ही डोर से लगभग डेढ़ घंटे तक दो सौ पतंगें उड़ाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पिछले साल उन्होंने सौ पतंगें उड़ाई थीं।

मैं मदद कर सकता हूं

पतंग उत्सव में जहां शहरवासियों की पतंगें हवा से बात कर रही थीं, वहीं विदेशी पर्यटकों के लिए पतंग को ऊंचा करना इतना आसान भी नहीं था। अक्सर शहरवासी अपने साथ-साथ विदेशी मेहमानों की पतंग भी ऊंची करते दिखाई दिए। ऑस्ट्रेलिया की सिंडी की पतंग ऊंची करने के बाद स्टूडेंट राहुल उनसे कहने लगे। फर्स्ट ऑर्डर, बट लुक एट यौर काइट। उसका नतीजा यह हुआ कि चाय चास ही सही, लेकिन एक पेंच तो सिंडी ने भी काट ही दिया।

पहले जैसलमेर अब जयपुर

फेस्टिवल में पर्यटन विभाग की ओर से दाल के पकौड़े और तिल से बने व्यंजन भी मेहमानों को मनुहार के साथ खिलाए जा रहे थे। स्टॉल के पास मीरा अपनी फ्रेंड ब्रेंडी व्हीलर और उनके हसबैंड को इन देसी व्यंजनों की कहानी बता रही थीं। मीरा कहती हैं, हम लोग दो साल पहले जैसलमेर में मिले थे। उस वक्त यह लोग शॉर्ट विजिट पर थे, इसलिए जयपुर नहीं आ पाए।

फोटोग्राफी यहां भी

अक्सर पर्यटक लोक कलाकारों की पतंगों की फोटोग्राफी कर रहे थे, लेकिन यूएस के रोडेआइलैंड स्कूल ऑफ आर्ट की दस लड़कियों के ग्रुप का फोटोग्राफी का पैशन बहुत हद तक प्रोफेशनल टच लिए था। ग्रुप की माइकल ने कहा, हम फोटोग्राफी की स्टूडेंट्स हैं, तीन हफ्ते के लिए इंडिया की फोटोग्राफी करने आए हैं। जयपुर के काइट फेस्टिवल के बारे में सुना था, इसलिए यहां आए हैं।

जयपुर, शुक्रवार 20 अगस्त, 2004

राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका जयपुर, शुक्रवार 20 अगस्त, 2004

तीज की सवारी के साथ लोक नर्तक दलों ने भी अपने फन का प्रदर्शन किया। पत्रिका फोटो

लवाजमे के साथ तीज की सवारी

जयपुर, 19 अगस्त। अच्छी वर्षा से उत्साहित ग्रामीणों ने मधुश्रवा तीज (जिसे सामान्य भाषा में श्रावणी तीज कह देते हैं) पर गुरुवार को उल्लासपूर्वक पूरे लवाजमे के साथ निकली सवारी के दर्शन किए।

हर बार की तरह ग्रामीणों के समूह दोपहर से ही अपना-अपना स्थान रोकते हुए सवारी के पूरे मार्ग में कहीं बैठकर तो कहीं लोक गीत गाते हुए उल्लास दर्शा रहे थे। विदेशी पर्यटकों के लिए भी खास आकर्षण का केन्द्र रही तीज माता की सवारी को वे कैमरे में कैद करते देखे गए। पर्यटन विभाग की ओर से हिन्द होटल पर इनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था थी।

सवारी से पहले लोक नर्तकों के दलों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। सवारी रवानगी से पूर्व ही इन लोक नर्तक दलों ने अपनी लोक कलाओं से कहीं नाचते हुए तो कहीं अपने वाद्यों का वादन करते हुए प्रशंसा बटोरी। शाम छह बजे त्रिपोलिया दरवाजे से सजे-धजे छोटे गजराज का आगमन हुआ। इसके बाद गदा लिए हाथी पर सवार दरबारी प्रकट हुआ। इसके साथ ही सवारी की निकासी विधिवत शुरू हो गई। आगे सुन्दर बैण्ड स्वर लहरियों से तीज माता की सवारी की रवानगी का आगाज कर रहा था। इसके बाद बैलगाड़ी में तोपची की सवारी चल रही थी। लगभग साढ़े तीन दर्जन हाथियों पर महावत बैठे थे।

हाथियों का दल जैसे ही आगे बढ़ा रेगिस्तानी जहाज (ऊंट) ने शुभ अंक 11 की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद बैंड चल रहा था। राजदरबार की दो पालकी इसमें पहली में शहनाई वादन हो रहा था। वहीं आगे खाली पालकी थी। इसके पीछे घोड़े चल रहे थे। चांदी के रथ में सवार पार्वती स्वरूप तीज माता के आगे जहां लाल रंग की दरबारी पोशाकें पहने दरबारी थे। इनके हाथों में चांदी की गदा थी। वहीं उनके आगे कावड़ों में तीज माता को लगाए जाने वाले भोग था। इसके आगे जीप बैंड राजस्थानी लोक गीतों और धार्मिक गीतों की स्वर लहरियों को बिखेरता लोगों के कानों को भी सुकून दे रहा था। तीज माता को नमन करते हर छोटे- बड़े के साथ ही इनको चढ़ाने के लिए दूर से ही पैसों की बरसात से 'लूट सके तो लूट' कहावत को चरितार्थ करते छोटे- बड़े छितककर सड़क पर पड़े पैसों को बटोरने में लगे हुए थे। सवारी त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान स्टेडियम होकर पाल का बाग पहुंची। वहां कुछ समय विश्राम के बाद वापस जनानी ड्योढ़ी पहुंच गई। वहां से शनिवार को सवारी जिसे आम लोग 'बूढ़ी तीज' के नाम से जानते हैं, की सवारी शाम 6 बजे आज की तरह इसी लवाजमे के साथ निकलेगी।

चौगान में मेला: मधुश्रवा 'श्रावणी तीज' पर लोगों ने घेवरों का लुत्फ उठाया। शहर में घेवरों की खरीदारी भी बढ़-चढ़कर होने के साथ ही महिलाओं ने झूलों में झोटे लेते हुए मौसम का आनन्द लिया। चौगान स्टेडियम में हर बार की तरह मेला भरा। यहां लोगों ने जहां चाट-पकौड़ी का लुत्फ उठाया।

बूढ़ी तीज की मान्यता गलत

चाहे गणगौर हो अथवा तीज, दूसरे दिन निकलने वाली सवारी को बूढ़ी गणगौर अथवा तीज का नाम दे दिया गया है। पार्वती स्वरूप गणगौर अथवा तीज कभी बूढ़ी हो ही नहीं सकती। समय के साथ ही पंचांगों में भी इसे बुढ़ापे का नाम दे दिया गया है। सवारी में कहीं भी न तो स्वरूप में और न ही कहीं लवाजमे में बूढ़ापन नजर आता है। शहर की महिलाएं इस बात पर ऐतराज करती हैं कि पार्वती अथवा गौरी को बूढ़ी नाम देकर देवी देवताओं के प्रति सम्मान को चोट पहुंचती है।

CO
XI, XII, B
Commerc
Invited
Coach
Rs.2.
Devote
at yo
Rush or
also take
98292-2
Corp. O
Above Raj
Ph: 014
A

15 December 2019 KURUKSHETRA KESARI

कुरुक्षेत्र केसरी

संगीत की धुनों ने किया भाव-विभोर

कुरुक्षेत्र, 14 दिसम्बर (धर्मवीर)। गीता जयंती के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के विभिन्न घाटों पर कलाकारों ने अपनी उम्दा प्रतिभा का जादू बिखेरा। हिमाचल के कलाकारों ने चम्बा का मशहूर नृत्य डंडारस तथा गद्दरिया की प्रस्तुति दी। ढोल पर धमाल और लाहौली आदि ताल्लों पर तेज गति से जब नृत्य प्रस्तुत किया गया तो माहौलता भी छा गई। टीम लीडर अतुल शर्मा ने बताया कि लाहौली मंदगति का ताल है।

गद्दरिया नृत्य हिमाचल के गद्दी क्षेत्र में विशेष रूप से प्रचलित है। इन नृत्यों में नृतक 'गद्दरिया' व 'बंजारे' का रूप प्रस्तुत करते हैं। वाणी को मधुर गुनगुनाहट भी कनपटी को बेधती चलती है। इस प्रकार उल्लास का एक समुद्र प्रवाहित होने लगता है।

इस नृत्य में राकेश शर्मा, नीरज रूपम, धर्मेंद्र शर्मा, पुनीता, कीर्ति, सोनिया व वीनू आदि शामिल हैं। जम्मू के कलाकारों ने 'शोड रचेस', 'जबरो' व 'रात जाग' नृत्य प्रस्तुत किए। लद्दाखी नववर्ष के अवसर पर यह नृत्य लद्दाख के 9 प्रतिष्ठित परिवारों की 9 स्त्रियों व पुरुषों द्वारा अपने राजा के समक्ष प्रस्तुत किया जाता था।

मुख्य रूप से स्त्रियां ही इस नृत्य को प्रस्तुत करती थीं। तत्पश्चात मणिपुर के कलाकारों ने रास नृत्य की प्रस्तुति दी। राजस्थान के कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य की छाप छोड़ी। कालबेलिया एक खानाबदोश उपजाति है। इस जाति के लोग स्थान-स्थान पर घूमकर सांपों का खेल दिखाते हैं।

इनका मूल स्थान राजस्थान के जिला गंगानगर में नोहर के पास गोगन गांव बताया जाता है। इसी गांव में सर्पों के देवता जाहर पीर का समाधि स्थल भी है। पीर की ये लोग पूजा करते हैं क्योंकि इनका कथन है कि गुगा पीर के वरदान का ही फल है कि इन पर सांपों के विष का प्रभाव नहीं पड़ता।

मथुरा के कलाकार नरेंद्र शर्मा ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति लघु भारत के रूप में सिमटी हुई थी।

उधर, राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मानवतावादी संस्थान के अलावा अन्य धार्मिक संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। दूरदराज से आए पर्यटकों ने आज जमकर खरीददारी की। दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष की उपेक्षा इस वर्ष उनकी बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।

फर्नीचर, ज्वैलरी, शॉल, साड़ियां, गर्म कपड़े, क्राकरी आदि वस्तुओं की अधिक बिक्री हो रही है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए चित्रकारों द्वारा लगाई गई पेंटिंग्स को जमकर सराहा गया।

गीताधाम, जयराम आश्रम, ब्रह्मपुरी आश्रम, इस्कान के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में भारी भीड़ दिखाई दी। ज्योतिसर में स्थित इस्कान मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

ब्रह्मसरोवर पर राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। (धर्मवीर)

सिटी एक्टिविटी CITY भास्कर
22 . जयपुर . बुधवार, 3 अगस्त 2011
dainikbhaskar.com

तीज का उल्लास

सिटी रिपोर्टर. जयपुर

तीज के अवसर पर सास व नई नवेली बहुएं लहरिया, चूड़ियां और श्रृंगार के अन्य आइटम खरीदती नजर आईं। जवाहर कला केन्द्र में पर्यटन विभाग की ओर से चल रहे सावन तीज महोत्सव 2011 में मंगलवार को कुछ ऐसा ही माहौल नजर आया। महिलाएं, बच्चे और बड़े सभी महोत्सव में खरीदारी के साथ झूले झूलने के लिए बेहद उत्साहित थे। मेले में अपने परिवारों के साथ आई गर्ल्स ब्लॉक प्रिंट और वेजिटेबल डाई के सूट खरीद रही थीं। कुंदन की बनी रिंग और इयररिंग ज्वैलरी सभी युवा वर्ग को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। तीज उत्सव में शहरवासियों का मजा तब और दुगना हो गया जब सुहाने मौसम में गर्म भुट्टे और [illegible] खाने को मिली।

जहां बात संस्कृति और त्योहारों में रंग जमाने की हो, तो ऐसे में भला कालबेलिया नृत्य को कैसे भूल जा सकता है। तीज महोत्सव के दौरान नृत्य की प्रस्तुति देती कालबेलियाई नृत्यांगनाएं।

न मेकअप का पता न फैशन का, लेकिन फिर भी इनमें है रैंप पर कैटवॉक करने का कॉन्फिडेंस। ऐसा ही कुछ देखने को मिला सावन तीज उत्सव के फैशन शो में।

लहरिए पर किया फैशन शो...

तीज महोत्सव में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के रंगों वाली लहरिया साड़ी पहनकर रैंप पर कैटवॉक किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान कालबेलिया डांस किया गया। महिलाओं के साथ-साथ बच्चों ने भी मेले में मेहंदी लगवाई। आर्ट एंड क्राफ्ट के आइटम्स भी खरीदे गए।

THE TIMES OF INDIA

INDIA'S LARGEST SELLING DAILY NEWSPAPER

NO. 27, VOL. CLVI. • NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 1 1993 • CAPITAL • 16 + 2 Capital Pages • Rs 2.40 ONLY

Folk dancers from Rajasthan performing at a press preview of the Surajkund Craft Mela on Sunday. The mela will begin on Monday.—TOI photo by Mohammed Ilyas. (Report on Capital II).

Naxals blast AP minister's house; threat to kill MLA

The Times of India News Service and Agencies

HYDERABAD, January 31.

SUSPECTED Naxalites blew up the house of the Andhra Pradesh animal husbandry minister, Mr P. Jagan Naik in Warangal district early today, a day after they kidnapped a Congress legislator and seven officials.

Mr Naik's house in Mandanapalli village was blown up with dynamite after his wife, son and daughter-in-law were woken up and taken outside. The minister was in the state capital when the incident occurred.

Mr Naik said that the house was completely destroyed and a tractor parked outside was blown to pieces.

The attack came even as the authorities were trying to establish contact with the outlawed People's War Group, which has demanded the release of three of its arrested leaders in exchange for Congress MLA, Mr Pasulupeti Balaraju and seven officials abducted from Koyyuru last evening.

The PWG, which has been on a

would realise the sentiments of the tribals and feelings of the families of the hostges and release them forthwith.

The chief minister said the three jailed Naxalites — Kranti Ramudu, his wife and Ramanna — whose release the ultras are demanding were lawfully arrested and were now in judicial custody.

Kranti and his wife were nabbed in Nagpur and Ramanna was arrested in Bangalore. Their arrests had led to a large haul of arms.

In a statement broadcast over All India Radio, an official spokesman said the three PWG extremists were "lawfully arrested and are now in judicial custody."

The official statement was broadcast from Hyderabad and also relayed from the Vijayawada station of AIR this afternoon.

NO INTERFERANCE: "The government cannot interfere with the judicial process", the AIR bulletin quoted the official spokesman as saying.

In fact, one of the extremists lodged in Warangal jail had issued a statement

Arjun plea on poll reforms

The Times of India News Service

BOMBAY, January 31: The human resource development minister, Mr Arjun Singh, has written a letter to the Prime Minister, Mr P. V. Narasimha Rao, suggesting electoral reforms to prevent

Replying to a question, Mr Singh hinted that the government might introduce a bill with far-reaching consequences during the ensuing budget session of Parliament.

"We cannot allow communal forces to utilise the secular de-

Chavam who had declared that the proposal to ban the Shiv Sena was under process. He said, "According to my assessment, there should not be any ban on any political party. We should fight them on the political platform rather than banning

Four new secretaries appointed

NEW DELHI, January 31 (PTI): The government today appointed four new secretaries in various Central ministries and the

दैनिक भास्कर
City भास्कर
जयपुर . सोमवार, 25 मार्च, 2013

TWEET of the day

"जब हमारे नल से पानी बहता है तो हम भूल जाते हैं कि पानी एक कम्युनिटी रिसोर्स है। इसकी जरूरत हर किसी को है और इसका कोई ऑप्शन नहीं हो सकता।
शेखर कपूर

TODAY'S MUST ATTEND

[illegible] 7:30 बजे [illegible] जयपुर [illegible] की ओर से [illegible] आयोजित होगा।

पेज 20

मंच पर शक और सौंदर्य का लॉकेट

पेज 22

जय और माही बने 'नच बलि 5' के विजेता, जीते 50 लाख

शुरू हुआ परंपरा के रंगों का

जेकेके में रविवार से शुरू हुए राजस्थान दिवस समारोह में राज्य के कलाकारों ने बिखेरे लोक रंग, मैटल के स्कूटर, साइकिल और मोटरसाइकिल खास आकर्षण का केंद्र बने।

सिटी रिपोर्टर. प्रदेश के पारंपरिक लोक कलाकारों की नृत्य और गायन प्रस्तुति का शहरवासियों ने जमकर लुत्फ लिया। लोग इस तरह आनंद ले रहे थे, जैसे इन कलाकारों को पहली बार देख व सुन रहे हों। मौका था पर्यटन विभाग और रूडा की ओर से रविवार को जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में शुरू हुए राजस्थान दिवस समारोह का। क्राफ्ट मेले, फूड कोर्ट और लोकरंग से सजे इस समारोह का उद्घाटन पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव व आयुक्त राजेश श्रीवास्तव ने किया। मेले में रूडा की ओर से 45 स्टॉल्स लगाई गई हैं, जहां राज्यभर के आर्टिजंस ने अपने अनूठे व पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया है। यह समारोह 31 मार्च तक चलेगा। इसमें थिएटर आर्टिस्ट्स की ओर से भी नाटकों का मंचन किया जाएगा।

मेटल का स्कूटर व [illegible]

क्राफ्ट बाजार में खास

मेले में पारंपरिक परिधान, डेकोरेटिव आइटम, ब्लू पॉटरी, बैंगल बॉक्स, ट्रेडिशनल साड़ियां, लकड़ी के खिलौने, धार्मिक वस्तुएं, फुटवियर, सांगानेरी व बगरू प्रिंट, लेदर की मोजड़ी, ट्रेडिशनल दरियां और ज्वैलरी सहित हस्तकला के विभिन्न उत्पादों की 45 स्टॉल्स लगाई गई हैं।

बिखरी लोक धुनों की छटा

मेले में विजिटर्स के मनोरंजन के लिए लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। पहले दिन कलाकारों ने कालबेलिया, चरी नृत्य, भवाई, तेरहताल और मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। चौपाल नुमा स्टेज और झूंपड़े लगाकर राज्य के ग्रामीण अंदाज को पेश किया गया है।

823. hafengeburtstag

Parade mit Großseglern wie der „Alexander von Humboldt II" (Mitte) und der Fregatte „Mecklenburg-Vorpommern" (r.) bei der Einlaufparade

Farbige Tänzerinnen aus Indien begleiten Michel-Pastor Alexander Röder (li.), Bürgerschaftspräsidentin Carola Veit und Senator Frank Horch zur „Rickmer Rickmers"

HAMBURG FEIERT EXOTISCH

Von M. KRETSCHMER und J. KÖHNEMANN

Hafen – Ahoi! Die größte Fete der Welt läuft! Der 823. Hafengeburtstag ist ein ganz besonderer! Denn Hamburg feiert exotisch! Bunt gekleidete, fröhliche Hafen-Fans aus Indien sind dabei!

Wolken, aber auch Sonne und bis zu 21 Grad lock... Bührow predigte gemeinsam mit Michel-Pastor Röder. Dann ging's mit Tanzbegleitung aus Indien runter an die Elbe.

Um 15 Uhr schlugen Bürgermeister Olaf Scholz und Indiens Handelsminister Anand Sharma die Messingglocke auf der „Rickmer Rickmers" – Startsignal für die Schiffsparade und die weltgrößte maritime Sause.

...feiert Jubiläum – die Werft ist 135 Jahre alt. Prof. Peter Tamm und Bürgermeister Scholz gratulierten Werft-Chef Herbert Aly, eröffneten die Jubiläums-Ausstellung im Internationalen Maritimen Museum.

Wochenend-Highlights: Sonnabend, 18 Uhr: Schlepperballett vor den Landungsbrücken +++ 22 Uhr Schiffstaufe der „AIDAmar" vor der Fischauktionshalle +++ Sonntag, 13 Uhr: „Queen Mary 2" in der HafenCity +++ 16.30 Uhr Start der Auslaufparade

Menschenmassen an den Landungsbrücken bei der Einlaufparade – rund 300 000 Besucher kamen am ersten Tag

Internationaler Tag des Fischbrötchens

Hafen – Heute feiern Tourismusverbände den „2. Welt-Fischbrötchentag"! BILD fragte Besucher auf dem Hafengeburtstag, wie ihnen Hering, Lachs und Krabben zwischen Zwiebeln, Salat und Majo so schmecken. mm

Linda Mense (25) repräsentiert Hamburg in Indien, freut sich, zum Hafengeburtstag hier zu sein: „Ich und zu vermisse ich schon die Hamburger Fischbrö...

11 Seiten Hamburg
Sport: Seiten 15 bis 19

EBBE & FLUT

Sonnabend
Hamburg: Hochwasser 10.02, 22.15; Niedrigwasser 4.57, 17.02 Uhr.
Cuxhaven: Hochwasser 6.26, 18.38, Niedrigwasser 0.49, 12.59 Uhr.

Sonntag
Hamburg: Hochwasser 10.55, 23.10, Niedrigwasser 5.47, 17.52 Uhr.
Cuxhaven: Hochwasser 7.20, 19.36, Niedrigwasser 1.38, 13.48 Uhr.

HAMBURG-WETTER

6 Uhr	heiter	8 Grad
12 Uhr	wolkig	11 Grad
18 Uhr	heiter	7 Grad
22 Uhr	klar	4 Grad

© Q.met GmbH • www.wetter.net

LOTTO-KENO
Freitag-Ziehung vom 11.05.2012
2, 5, 9, 26, 30, 32, 34, 36, 38, 40, 42, 45, 46, 48, 49, 53, 54, 55, 56, 66
Plus 5: 08850
Angaben ohne Gewähr

ROCK ON AT CHAOS

With no restriction on genres, expect music of different tastes at IIM-A's annual fest this year

CLOCKWISE FROM TOP: Sarah, a violinist from Venice in a fun *jugalbandi* with Rajasthani folk artistes. Rajki Sapera from the nine-member troupe performs the energising *ghumar* dance. Her next performance was the *sapera nritya*. Pandit Vishwa Mohan Bhatt took to the stage next to entrall the audience with lilting music from his Mohan Veena

TANUSHREE BHATIA

Get set to rock at Chaos 2010. Bolstered with good sponsors, the organisers of the annual fest of Indian Institute of Management, Ahmedabad (IIM-A), are all set to stage a dazzling rock show this year.

Eight to 10 bands, including Decayed Souls Renegade of apnu Amdabad, have been short-listed for the musical extravaganza. They will compete with each other beat by beat on Friday night to win the Blizzards of Rock contest.

The winners will perform on Rock Nite on January 31 before Outro band members take the stage at Louis Kahn Plaza Gardens on IIM-A campus. The IIM-A band will also perform on the Rock Nite.

Expect music of different tastes at Chaos this year. For, there is no restriction on genres. Also, most of the selected bands are from different regions.

"The selection of the genre entirely depends on the bands this time.

"We have introduced this system for the first time to add a new flavour to the fest," said Himanshu Bora, the co-ordinator of Blizzards of Rock.

Unlike last year, most of the bands that would be performing at Chaos this time are from different parts of India. "The budget for the fest is huge this year. We couldn't provide travel reimbursements to the participants last year because of economic slowdown and ended up losing some good participants. But this year, it will be a different picture all together. We have also concentrated on technicalities like production and sound this year," said Himanshu.

The bands interested in participating were asked to submit their two original compositions. The bands were short-listed on the basis of their originality in music.

"It took us a month-and-half to get in touch with all the bands and their gigs," added Himanshu.

Besides the rock competition, the fashion show would be a big crowd-puller. Teams from different institutions including Mumbai University, NID, NIFT, Gandhinagar and IIM-A, will take part.

"The theme of this year's fashion show final is 'Surreal'. Teams will be judged on the basis of western, ethnic and fusion variety," said Yash Dholakia, the co-ordinator of the fashion show.

Fashion photographer Ilesh Shah and designers Shyamal of Shyamal and Bhumika will judge the fashion show final on Friday from 8 pm. The winner will be signed by Shah for a one-year contract. Besides, Rs 1.5 lakh would be up for grabs for the contenders.

राजस्थान पत्रिका
सोमवार, 5 अक्टूबर, 2009

ओसियां में मारवाड़ समारोह के समापन पर चरी नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार।

just जोधपुर

नाच उठा मेहरानगढ़

शिवमणी के ड्रम का जादू और स्पेन के साथ राजस्थानी फ्यूजन

शिवमणी ने जब ड्रम स्टिक्स को अंगुलियों पर नचाना शुरू किया तो मेहरानगढ़ के किले की दीवारों से ड्रम की बीट्स टकराकर नाद करने लगी और देसी क्या, विदेशी क्या, सब नाच उठे.. एक पल के लिए शिवमणी के हाथ रुकते तो दर्शकों के हाथ उठ जाते और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल बोल उठता- वाह शिवमणी वाह!

स्पेन के कलाकार के साथ राजस्थानी कलाकार ने दी जुगलबंदी। एसके मुन्ना